सम्राट चौधरी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने, मुख्यमंत्री ने छुए नीतीश कुमार के पैर

पटना,15 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार में मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ ली.

मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद उन्होंने नीतीश कुमार के पैर छुए. चौधरी बिहार के ऐसे 24वें व्यक्ति हैं, जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने का

पीएम मोदी ने सीएम और डिप्टी सीएम को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सम्राट चौधरी एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी की ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे.

मुख्यमंत्री बनते ही सम्राट चौधरी के 5 बड़े निर्देश

- दोगुनी गति से काम कर समस्याओं का तेजी से समाधान होगा.
- मुख्यमंत्री स्तर से नीचे स्तर तक कहीं कार्यों को लटकाने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए.
- प्रखंड और थाने में आम जनता को सुविधा मिले और समय से समस्याओं का समाधान हो.
- बिहार को विकसित और समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए एकजुट होकर अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ काम करें.

आप सांसद अशोक मित्तल के घर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली/जालंधर. आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है। यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा सहित कई स्थानों पर एक साथ की गई, जिसमें जालंधर स्थित उनके आवास समेत कुल 8-9 ठिकानों को जांच के दायरे में लिया गया है। यह जांच लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से जुड़े फंड मैनेजमेंट और वित्तीय लेन-देन में कथित अनियमितताओं को लेकर की जा रही है। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब अशोक मित्तल को हाल ही में राज्यसभा में डिप्टी लीडर नियुक्त किया गया था.

श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के बाद केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

लखनऊ, 15 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के उग्र विरोध-प्रदर्शनों के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है. श्रम मंत्रालय के तहत मुख्य श्रम आयुक्त ने हालात की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है.

अधिकारियों के अनुसार अचानक भड़की हड़तालों और हिंसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया है.

दरअसल, विरोध की शुरुआत सात अप्रैल को हरियाणा के मानेसर औद्योगिक क्षेत्र से हुई, श्रमिकों ने वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य-शिफ्ट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. इसके बाद मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-62 में भी श्रमिकों का गुस्सा फूट पड़ा. जहां बड़ी संख्या में मध्यम उद्योग स्थित हैं और स्थिति हिंसक हो गई. केंद्र सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है. सूत्रों के अनुसार सरकार इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं श्रम संहिताओं को लेकर गलत जानकारी फैलाकर श्रमिकों को भड़काया तो नहीं जा रहा.

श्रमिक के व्यवहार की जिम्मेदारी एजेंसी की भी

गौतमबुद्धनगर. उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में औद्योगिक शांति बनाए रखने और शासन की गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की आउटसोर्सिंग एजेंसियों और संविदाकारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.यह बैठक मंगलवार देर रात हुई. बैठक के बारे में जिलाधिकारी ने बुधवार को जानकारी साझा की.

समुद्री मार्ग सुरक्षित रहना जरूरी

मर्चेंट शिपिंग पर हमले नहीं होंगे बर्दाश्त : जयशंकर

टोक्यो/नई दिल्ली 15 अप्रैल. वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा को लेकर भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी चिंता स्पष्ट रूप से रखी है.

'एजेडईसी प्लस' बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने व्यापारिक जहाजों पर हो रहे हमलों को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया. उन्होंने कहा कि ऐसे हमले न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा बाजारों पर भी गंभीर असर डालते हैं.एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी की इस बैठक में ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में आ रही बाधाओं पर चर्चा हुई.

जयशंकर ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री परिवहन वैश्विक विकास के लिए बेहद जरूरी है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनावों का सामना कर रही है.भारत, एक बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में, अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

ईरान ने अमेरिकी नाकाबंदी जारी रहने पर दी धमकी

तेहरान, 15 अप्रैल. ईरान के केंद्रीय सैन्य कमान खतम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दल्लाही अलीआबादी ने बुधवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अमेरिका फारस की खाड़ी में ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी जारी रखता है और ईरान के वाणिज्यिक जहाजों एवं तेल टैंकरों के लिए असुरक्षा पैदा करता है.

ईरान लाल सागर के महत्वपूर्ण बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य को ब्लॉक कर देगा. ईरानी सरकारी मीडिया में जारी संदेश में अलीआबादी ने स्पष्ट किया कि ईरान की शक्तिशाली सशस्त्र सेनाएं फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और लाल सागर में किसी भी प्रकार के आयात या निर्यात को जारी रखने की अनुमति नहीं देंगी.. ईरान का बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य पर काफी प्रभाव है, जो लाल सागर का दक्षिणी प्रवेश द्वार और वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण बिंदु है। ईरान समर्थित यमन के हूतू विद्रोहियों का लाल सागर की सीमा से लगे एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण है, जिसका उपयोग वे जहाजों पर हमले और समुद्री डकैती के जरिए इस मार्ग को ठप करने के लिए कर सकते हैं। यह जलडमरूमध्य पश्चिमी एशिया से निर्यात होने वाले प्राकृतिक गैस और तेल उत्पादों के लिए एक अनिवार्य मार्ग है.

अठारह देशों ने लेबनान में युद्धविराम की अपील की

बेरुत. लेबनान में जारी जंग को रोकने के लिए कनाडा-ब्रिटेन समेत 10 देशों की शुरू की गई शांति पहल अब बड़े वैश्विक अभियान में बदलती नजर आ रही है. साझा बयान का समर्थन करते हुए यूरोप के आठ अन्य देश भी इसमें शामिल हो गए हैं. इससे अब कुल 18 देशों ने एक सुर में लेबनान में तत्काल युद्धविराम की अपील की है. इन देशों ने बढ़ते मानवीय संकट और विस्थापन पर गहरी चिंता जताते हुए स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए लेबनान को कूटनीतिक वार्ताओं का हिस्सा बनाना अनिवार्य है. बयान में मार्च में लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के तीन शांति रक्षकों की हत्या की भी निंदा की गई है. संयुक्त राष्ट्र ने पिछले हफ्ते तीन इंडोनेशियाई शांति रक्षकों की मौत की शुरुआती जांच रिपोर्ट जारी की थी. इसमें पाया कि ये दो हमले संभवतः इजरायली टैंक के गोले और एक आईईडी के कारण हुए थे. मुमकिन है कि वह हिजबुल्ला ने लगाया हो. संयुक्त बयान में कहा गया, हम ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, ग्रीस, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्री, क्षेत्रीय तनाव कम करने के प्रयासों में लेबनान को शामिल करने का आह्वान करते हैं और सभी पक्षों से एक स्थायी राजनीतिक समाधान की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं.

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलैक्ट्रिकल) की भर्ती – 2026

भारतीय रिज़र्व बैंक, अपने विभिन्न कार्यालयों में कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलैक्ट्रिकल) के 11 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर अप्रैल 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

महत्वपूर्ण तारीखें:

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि	16 अप्रैल 2026 - 06 मई 2026
ऑनलाइन परीक्षा की तारीख (अनंतिम)	06 जून 2026

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Website : mpstdc.com
क्रमांक : 159/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 15.04.2026

निविदा सूचना 141/2026_STDC_500622_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:- बैढ़न, जिला सिंगरौली में 10 बेडिड आयुष हॉस्पिटल का निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित। (14 माह) कार्य की लागत राशि रुपये 477.41 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125339/2026 **कार्यपालन यंत्री**

देश में एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग में 98 प्रतिशत तक बढ़ी

नवभारत,नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार देश में एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग में 98 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार की सख्त निगरानी, लगातार आपूर्ति और बढ़ती पारदर्शिता के कारण उपभोक्ताओं का भरोसा काफी मजबूत हुआ है, जिससे जमाखोरी और घबराहट में खरीदारी की घटनाओं में कमी आई है। राष्ट्रीय स्तर पर चलाए गए अभियान के तहत मार्च 2026 से अब तक 1.28 लाख से अधिक निरीक्षण और छापेमारी की गई, जिनमें 59,000 से अधिक एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य अवैध भंडारण, कालाबाजारी और घरेलू गैस के दुरुपयोग पर रोक लगाना है। मंत्रालय ने बताया कि देश में एलपीजी वितरण व्यवस्था सामान्य बनी हुई है और किसी भी क्षेत्र से कमी की शिकायत नहीं मिली है। एक ही दिन में 51 लाख से अधिक परिवारों को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई। वितरण नेटवर्क को सुचारु रखने के लिए कई डिस्ट्रीब्यूटरशिप रविवार को भी सक्रिय रह रही हैं। इसके अलावा, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए थोक एलपीजी आपूर्ति भी बहाल कर दी गई है। खाद्य, पॉलिमर और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सप्लाई स्थिर बनी हुई है, जबकि 23 मार्च के बाद से 10 लाख से अधिक कमर्शियल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। सरकारी प्रयासों से एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में स्थिरता और पारदर्शिता बढ़ी है, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा और डिजिटल बुकिंग का उपयोग तेजी से बढ़ा है।

आज का इतिहास

1844 - फ्रांसीसी कवि, पत्रकार, उपन्यासकार और नोबेल पुरस्कार विजेता एनाटोल का जन्म.
1853 - भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुंबई) से ठाणे के बीच चली.
1889 - बेहतरीन हास्य अभिनेता चार्ली चैपलिन का जन्म.
1919 - अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की.
1934 - भारतीय राजनीतिज्ञ और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक का जन्म.

बैसाखी से लौट रही बस पलटी आठ श्रद्धालुओं की मौत

फतेहगढ़ साहिब, 15 अप्रैल. पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में बैसाखी पर्व से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया. बैसाखी के अवसर पर आनंदपुर साहिब से लौट रही संगत की बस भटेड़ी गांव के पास पलट गई, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक लोग घायल हो गए. हादसा देर रात हुआ, जब बस अपने गंतव्य की ओर लौट रही थी. अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

गोदाम में आग लगने से 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली. बाहरी दिल्ली के बुध विहार इलाके में प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई. यह जानकारी अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दी. प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित एक ऐसे परिवार के सदस्य थे जो बुध विहार के मांगे राम पार्क इलाके में स्थित गोदाम में बनी एक अस्थायी झोपड़ी में रहते थे.

पश्चिम मध्य रेल
आम नीलामी सूचना

जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पुराने बैग, सूटकेस जिनमें नए पुराने कपड़े, पानी की बोतल (1 ली.) एवं पुरानी उपयोग की गई रद्दी इत्यादि सामग्री की नीलामी की जाना है।
उक्त सामग्री की नीलामी जबलपुर स्टेशन के पार्सल कार्यालय में दिनांक 20.04.2026 दिन सोमवार को मध्यान्ह 12.00 बजे की जायेगी। अतः उक्त नीलामी के इच्छुक बोलीकर्ता समयानुसार उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं।
सहायक वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पवन खेड़ा अग्रीम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट से झटका

नयी दिल्ली 15 अप्रैल. उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी.यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा की एक शिकायत से संबंधित है। न्यायालय का यह आदेश असम पुलिस की एक अपील पर आया है।

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक
Madhya Pradesh Gramin Bank
(Scheduled Bank Owned by Government)
मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय
दमोह हेतु परिसर की आवश्यकता बाबत

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय दमोह, जिला दमोह हेतु 15 वर्ष के लिये लीज पर परिसर की आवश्यकता है। लगभग 3000 वर्गफुट, पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था के साथ, दमोह स्थित।
इक्छुक व्यक्ति बैंक की वेबसाईट www.mpgb.co.in में दी गयी निविदा / प्रक्रिया शर्तों के तहत बैंक के निर्धारित प्रारूप में तैयार कर प्रस्ताव क्षेत्रीय कार्यालय दमोह में प्रस्तुत करें।
निविदा प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2026 (सायंकाल 4:00 बजे) व निविदा प्रस्ताव खोलने की अंतिम तिथि 02.05.2026 (दोपहर 1:30 बजे) है।
क्षेत्रीय कार्यालय का पता ब्रजवासी रीट्रीट के पीछे, सालोमन कॉमप्लेक्स, जबलपुर नाका, दमोह (म.प्र)
संपर्क हेतु मोबाइल नंबर :-
9713861023
दिनांक :- 16.04.2026

क्षेत्रीय प्रबंधक
क्षेत्रीय कार्यालय दमोह

पिरामल फाइनेंस लिमिटेड का मध्यप्रदेश में विस्तार

नवभारत,मुंबई। रिटेल फोकस्ड एनबीएफसी पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 1 लाख करोड़ रुपये के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी का तेजी से विस्तार मध्यप्रदेश जैसे प्रमुख बाजारों में भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। मध्यप्रदेश में कंपनी की उपस्थिति इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में 26 शाखाओं के साथ मजबूत हुई है, जहां होम लोन और बिजनेस लोन की मांग में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। कंपनी ने पिछले चार वर्षों में अपने नेटवर्क का व्यापक विस्तार करते हुए 20 से बढ़कर 650 से अधिक शाखाएं स्थापित की हैं, जो 26 राज्यों और 460 शहरों में फैली हुई हैं। आने वाले वर्षों में कंपनी का लक्ष्य 1,000 लोकेशनों तक पहुंचना है। कंपनी के एमडी और सीईओ जयराम श्रीधरन ने कहा कि यह उपलब्धि ग्राहकों के भरोसे और अर्ध-शहरी बाजारों में बढ़ती मांग का परिणाम है। उन्होंने तकनीक-आधारित और जिम्मेदार लोन वितरण पर जोर देते हुए भविष्य में और विस्तार की बात कही। कंपनी अब वित्त वर्ष 2028 तक 1.5 लाख करोड़ रुपये एयूएम और वित्त वर्ष 2027 तक ग्रामीण व गोल्ड लोन सेवाओं के विस्तार की योजना पर काम कर रही है।

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा
दिनांक 10.04.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** सीपीएम-जीएसयू-जबल-ईपीसी-01-2026, दिनांक 10.04.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेलवे स्टेशन का इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण के आधार पर प्रमुख उन्नयन का कार्य (EPC). कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹ 231,63,00,000/-. **बयाना राशि:** ₹ 4,63,26,000/-. **समापन अवधि:** 30 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 28.05.2026. **निविदा खुलने का समय 15.30 बजे तिथि:** 02.06.2026. उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बार्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
सहायक मण्डल अभियंता, गति शक्ति यूनिट, जबलपुर.
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
प्रधान कार्यालय, कार्मिक विभाग, जबलपुर-482001
पत्र क्र. पमरे/का.मुख्या/राज./Engg.-Traffic/Re-engagement, दि. 27.03.2026
अधिसूचना

सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों को पुनर्नियोजित करने का प्रावधान - गति शक्ति यूनिट हेतु भरे जाने वाले पद

रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2021/W-1/Genl/Gati Shakti/Pt(e-3397961) दिनांक 20.02.2023 के आलोक में GSU Unit जबलपुर एवं भोपाल में कार्यों के संचालन हेतु इंजीनियरिंग तथा परिचालन विभाग के लिए रेल सेवा से सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है-

S. N.	Unit	Department	Requirement	No. Required
01	GSU Unit/ BPL	Engineering	Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer	01
		Traffic	Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer	01
02	GSU Unit/ JBP	Engineering	Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer	01
			Total	03

उपरोक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। 65 वर्ष की आयु तक पुनर्नियोजन का प्रावधान है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21.04.2026 है।
इस सम्बन्ध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट (https://wcr.indianrailways.gov.in) पर भी उपलब्ध है।
अन्य किसी जानकारी/पूछताछ के लिए ई-मेल (dycpogwcr@gmail.com), Railway Phone No. 54737 पर संपर्क किया जा सकता है।
सहा. कार्मिक अधिकारी/राज., कृते प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक
Madhya Pradesh Gramin Bank
(Scheduled Bank Owned by Government)
मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक,
शाखा पथरिया हेतु परिसर की आवश्यकता बाबत

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा पथरिया, जिला दमोह हेतु 15 वर्ष के लिये लीज पर परिसर की आवश्यकता है। लगभग 1000 वर्गफुट, पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था के साथ, पथरिया स्थित।
इक्छुक व्यक्ति बैंक की वेबसाईट www.mpgb.co.in में दी गयी निविदा / प्रक्रिया शर्तों के तहत बैंक के निर्धारित प्रारूप में तैयार कर प्रस्ताव क्षेत्रीय कार्यालय दमोह में प्रस्तुत करें।
निविदा प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2026 (सायंकाल 4:00 बजे) व निविदा प्रस्ताव खोलने की अंतिम तिथि 02.05.2026 (दोपहर 1:30 बजे) है।
क्षेत्रीय कार्यालय का पता - ब्रजवासी रीट्रीट के पीछे, सालोमन कॉमप्लेक्स, जबलपुर नाका, दमोह (म.प्र)
संपर्क हेतु मोबाइल नंबर :-
9713861023
दिनांक :- 16.04.2026

क्षेत्रीय प्रबंधक
क्षेत्रीय कार्यालय दमोह

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/सोहा./एसएम/बटुरा/प्रका./2026/1130 दिनांक 30.03.2026

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल -सोहागपुर क्षेत्र की ''रामपुर-बटुरा खुली खदान के लिये कोयला धारक क्षेत्र अर्जन एवं विकास अधिनियम 1957 के अंर्तगत ग्राम रामपुर तहसील बुढार जिला शहडोल की भूमि अधिग्रहित की गई है जिसमें लागू सी.आई.एल आर एण्ड आर पालिसी 2012 के अनुसार क्लबिंग पद्धति से रोजगार देय हैं। अधिग्रहीत भूमि के अधोलिखित दर्शाये गये भूमि स्वामियों के नाम में भिन्नता है, जिस हेतु प्रकाशन कराया जा रहा है -
विषय- रामपुर-बटुरा परियोजना सोहागपुर क्षेत्र हेतू कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के अंर्तगत अधिग्रहित निजी भूमि से प्रभावित व्यक्तियों के नामो मे भिन्नता के सम्बंध में - यह कि ग्राम रामपुर स्थित आराजी खसरा क्र. 3043/2, रकवा 0.081 हे., 3047/1, रकवा 0.150 हे., 3048/1, रकवा 0.098 हे., 3049/1, रकवा 0.065 हे. के वर्ष 2009-10, 2010-11 के राजस्व अभिलेखो में भूस्वामी का नाम कन्हैया दर्ज है। जबकि भूस्वामी के अन्य शामिल आराजियो 1710/2, रकवा 0.085 हे., 1711, रकवा 0.093 हे., 3205/5, रकवा 0.202 हे., 3265/1, रकवा 0.870 हे. में भूस्वामी का नाम कन्हैया लाल पिता पियारे भरिया दर्ज है।

S. No	राजस्व अभिलेखो में दर्ज नाम	मतदाता परिचय पत्र	आधार कार्ड	पैन कार्ड	राशन कार्ड	निवास प्रमाण पत्र	नाम भिन्नता शपथ पत्र के आधार
1	कन्हैया एवं कन्हैया लाल पिता पियारे भरिया	कन्हई पिता प्यारेलाल	कन्हई बैगार पिता प्यारे लाल बैगा	KANHAI BAIGA S/O PYARE LAL BAIGA	कन्हई बैगा पिता स्व. पियारे बैगा	कन्हई बैगा पिता प्यारे लाल बैगा	कन्हैया, कन्हैया लाल पिता पियारे भरिया, कन्हई बैगा पिता स्व0 पियारे बैगा, कन्हई बैगा पिता पिता प्यारे लाल बैगा सभी नाम एक ही व्यक्ति के है। भूस्वामी का वास्तविक नाम कन्हैया लाल पिता प्यारे लाल बैगा है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल -सोहागपुर क्षेत्र की ''रामपुर-बटुरा खुली खदान के लिये कोयला धारक क्षेत्र अर्जन एवं विकास अधिनियम 1957 के अंर्तगत ग्राम रामपुर तहसील बुढार जिला शहडोल की भूमि अधिग्रहित की गई है जिसमें लागू सी.आई.एल आर एण्ड आर पालिसी 2012 के अनुसार क्लबिंग पद्धति से रोजगार देय हैं। अधिग्रहीत भूमि के अधोलिखित दर्शाये गये भूमि स्वामियों के नाम में भिन्नता है, जिस हेतु प्रकाशन कराया जा रहा है -
विषय- रामपुर-बटुरा परियोजना सोहागपुर क्षेत्र हेतू कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के अंर्तगत अधिग्रहित निजीभूमि से प्रभावित व्यक्तियों के नामो मे भिन्नता के सम्बंध में - यह कि ग्राम रामपुर स्थित भूस्वामी की आराजियो में भूस्वामी का नाम उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातय सिंह

S. No	राजस्व अभिलेखो में दर्ज नाम	मतदाता परिचय पत्र	आधार कार्ड	रजिस्टर्ड विक्रय पत्र	विवाह प्रमाण पत्र	स्टे 1 ए /मुआवजा नोटिस	नाम भिन्नता शपथ पत्र के आधार
1	उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातय सिंह	उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातम सिंह	उपेन्द्रनाथ सिंह	उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातम सिंह	उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातम सिंह	उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातय सिंह	उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातय सिंह एवं उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातम सिंह दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। एवं भूस्वामी का वास्तविक नाम उपेन्द्रनाथ सिंह पिता महातम हैं।

उपरोक्त भूमिस्वामी के नामो के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र में दर्ज करा सकते है, दिये गये समयावधि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उपरोक्त भूमिस्वामियों के आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही कर दी जावेगी।

एस.ओ. (एच.आर.)
एसईसीएल, सोहागपुर क्षेत्र

SECL/26-27/09